अनुलग्नक -

## वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूप:-

**समहरणालय, किशनगंज**

**वन स्टॉप सेंटर** (OSC)

**विज्ञापन संख्या – 02/2026**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक WCDC/2088/23 दिनांक 26/09/2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, किशनगंज के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

| क्र स | पद का नाम एवं कार्य दायित्य | पद की संख्या | कोटि | आयु | योग्यता /अहर्ता, कार्य अनुभव एवं प्राथमिकता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केस वर्कर (महिलाओं के लिए आरक्षित) | 01 | 01 अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग हेतु 40 वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** : कानून/समाजकार्य/समाज शास्त्र/समाज विज्ञान/मनो विज्ञान में स्नातक<br>**अनुभव**: महिलाओं के मुद्दों से सम्बंधित किसी सरकारी/गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव<br>**प्राथमिकता**: स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी | 22,000/- |
| 2 | कंप्यूटर ज्ञानयुक्त कार्यालय सहायक | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष([पुरुष)<br>40 वर्ष(महिला) | **शैक्षणिक योग्यता** : कंप्यूटर /आई०टी० में डिप्लोमा सहित स्नातक<br>**अनुभव** :डेटा प्रबंधन, दस्तावेज़ीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग, विडियो कांफ्रेंसिंग आदि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी / गैर सरकारी / आई०टी० संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष अनुभव | 17,000/- |
| 3 | पारा लीगल पर्सनल/अधिवक्ता(अंशकालिक) | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष([पुरुष)<br>40 वर्ष(महिला) | **शैक्षणिक योग्यता** : कानून में स्नातक<br>**अनुभव** : महिलाओं से सम्बंधित किसी सरकारी/गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव या न्यायलय में मुक़दमे के पैरवी करने का 2 वर्ष का अनुभव | 8000/- समेकित |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | बहुउद्देशिये कर्मी/रसोइया | 01 | 01 अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग हेतु 40 वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** : मैट्रिक<br>**अनुभव**: सम्बंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव | 13,000/- |
| 5 | रात्रि प्रहरी / सुरक्षा कर्मी | 01 | 01 अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग हेतु 40 वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** : मैट्रिक<br>**अनुभव**: सुरक्षा प्रहरी के रूप में सरकारी या प्रतिष्ठित संस्थान में राज्य या जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव | 13,000/- |

1. उम्र सीमा – न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी, समेकित मानदेय वाले पदों पर EPF तथा ESIC देय नहीं होगी।
3. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नही होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।
4. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी ।
5. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/ संस्थान/ कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभियार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. सरकारी/ अर्ध-सरकारी अथवा गैर - सरकारी विभाग/ संस्थान/ कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।
7. चयन प्रक्रिया - निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को काउंसेलिंग एवं साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। काउंसेलिंग एवं साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना सम्बंधित अभ्यर्थी को उनके आवदेन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाइट (https://kishanganj.nic.in) पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
8. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हक़दार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से सम्बंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, किशनगंज के अधीन है। जिला पदाधिकारी, किशनगंज विज्ञापन को संशोधित/ रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

10. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक ......20/6/26...... तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/ अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए निबंधित डाक द्वारा निम्नांकित पते पर स्वीकार किये जायेंगे :

**महिला सशक्तिकरण कार्यालय**
**नियर जिला स्वास्थ्य समिति / प्रेस क्लब**
**समाहरणालय, किशनगंज**
**(बिहार) पिन न०** 855107

11. आवेदन के साथ प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
12. एक से अधिक पदों के लिए अलग- अलग आवेदन मान्य होंगे।
13. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
14. अभ्यर्थी, विज्ञापन से सम्बंधित अपडेट अन्य घोषणाओ हेतु नियमित रूप से NIC वेबसाइट (https://kishanganj.nic.in) का अवलोकन करते रहेंगे।

16/5/20

जिला पदाधिकारी
किशनगंज

# आवेदन- प्रपत्र

विज्ञापन संख्या- 02/2026

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम: ..........................................................
2. अभ्यर्थी का नाम: ..........................................................
3. जन्म तिथि : ..........................................................
4. माता का नाम: ..........................................................
5. पिता/ पति का नाम ..........................................................
6. आधार कार्ड नंबर ..........................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ):..........................................................
..........................................................
8. पत्राचार का पता: ..........................................................
..........................................................
9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाइल नंबर: ..........................................................
11. ई- मेल आईडी: ..........................................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर